बोलो बम बम बम

छोड़ के सारी चिंता छोड़ के सारे गम,
बोलो बम बम बम,

सचे मन से जप के देखो जादू शिव के नाम का,
बम बम भोले कहते जाओ नाम है बड़े काम का,
जीवन में ये खुशिया होने न देगा कम,
बोलो बम बम बम,

बम बम भोले जपते जपते हर पल मौज मनाओ तुम,
शिव के रहते बंदु मेरे चिंता नहीं लगाओ तुम,
उसके होते तेरी आँख न होगी नम,
बोलो बम बम बम,

शिव की धुन में खो के जो भी धुनि रोज लगता है,
उसके सामने जाने से फिर काल भी घबराता है,
साथ हो जो भोला क्या करे गा यम,
बोलो बम बम बम,

शिव की धुन में खो जाने की सागर अपनी मस्ती है,
उसकी महिमा लिख सके तो क्या किसी की हस्ती है,
शिव की ही किरपा से चलते ये कमल,
बोलो बम बम बम,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/11637/title/chod-ke-saari-chinta-chod-ke-saare-gm-bolo-bm-bm-bm

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |